सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग, बिहार
प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या– **342**
05/04/2026

राज्यपाल ने स्व० जगजीवन राम की जयंती के अवसर पर उन्हें नमन किया

पटना 05 अप्रैल, 2026 :– माननीय राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सय्यद अता हसनैन (सेवानिवृत्त) ने स्व० जगजीवन राम की जयंती के अवसर पर आयोजित राजकीय समारोह में सर्कुलर रोड, अणे मार्ग एवं कौटिल्य मार्ग, पटना के चौराहे पर अवस्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया तथा भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार, लेडी गवर्नर श्रीमती सबीहा हसनैन, उप मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी व अन्य मंत्रीगण, जन–प्रतिनिधिगण तथा अन्य गणमान्य लोगों ने भी स्व० जगजीवन राम की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया तथा उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

समारोह में सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग के कलाकारों द्वारा आरती–पूजन किया गया। देशभक्ति गीत तथा बिहार गीत भी प्रस्तुत किए गए।

....